दिनांकः 20.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। ये प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी। 28 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। 19 अप्रैल को श्रीगंगानगर, बीकानेर, चुरू, नागौर, सीकर, झुंझुनू, अलवर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, भरतपुर, दौसा तथा करौली–धौलपुर लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस बीच, राज्य की 25 सीटों में से भाजपा ने 15 और कांग्रेस ने 10 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। शेष सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर दोनों पार्टियों में मंथन जारी है।

....

लोकसभा चुनाव में वोटर्स मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की स्थिति में बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों का इस्तेमाल कर वोट डाल सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट और पेंशन संबंधी दस्तावेज शामिल हैं। इसके साथ ही मतदाता सरकारी और गैर सरकारी दफ्तरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र के जरिये भी वोट डाल सकते हैं। बैंक और डाकघर की पासबुक, आरजीआई की ओर से मिला स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों–विधायकों के आधिकारिक पहचान पत्र और यूनिक डिसेबिलिटी आईडी को भी इसमें शामिल किया गया है।

....

इस बार लोकसभा चुनाव में मीडियाकर्मी भी डाक मतपत्र के जरिये वोट डाल सकेंगे। चुनाव आयोग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बिजली, पानी, रोडवेज, मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल किये गये हैं। गौरतलब है कि पहले, जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग ही पोस्टल बैलेट के जरिए अपना वोट डाल सकते थे। आयोग ने इसके लिए एक नोडल अधिकारी नामित करने का प्रावधान किया है।

....

नई दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिन से चल रहे स्टार्टअप महाकुंभ का आज अंतिम दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाकुंभ में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में स्टार्टअप क्रांति का नेतृत्व छोटे कस्बों के युवा कर रहे हैं। उन्होंने कृषि, वस्त्र, मेडिसिन, परिवहन, अंतरिक्ष, योग और आयुर्वेद में भी स्टार्टअप शुरू होने पर प्रसन्नता जतायी। इस महाकुंभ का उद्देश्य स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और उभरते उद्यमियों की दुनिया के संबंधित पक्षों को एक साथ लाना है।

....

प्रधानमंत्री ने आज नवरोज़ के मौके पर देशवासियों को बधाई दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा उम्मीद है कि आने वाला साल सफलता और विकास से भरा होगा तथा समाज में एकता को मजबूत करेगा।

....

सीकर के खाटूश्याम जी में आज मुख्य मेला भर रहा है। 11 दिन से चल रहे इस मेले में देश–विदेश से करीब 15 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। मेले को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके लिए राजस्थान रोडवेज ने डेढ़ सौ से ज्यादा बसें चलाई हैं। वहीं रेलवे ने भी यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त रेलगाडियों का संचालन किया है।

....

भरतपुर के कामां में आज होली महोत्सव का आगाज हुआ। इसकी शुरूआत गणेश मंदिर में पूजन के साथ हुई। इस दौरान गुलाल, दूध, दही और लड्डू से होली खेली गयी। लठमार होली का आयोजन भी किया गया। महोत्सव के तहत शहर में शोभायात्रा निकाली गयी। यात्रा में ब्रज लोककला कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

....

प्रदेश में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। इससे गर्मी का असर बढ़ गया है। मौसम केन्द्र जयपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। वहीं ज्यादातर जगहों पर तापमान 32 डिग्री के आस–पास रिकॉर्ड हुआ।

....

आज वर्ल्ड हैप्पीनेस डे है। इस अवसर पर जयपुर के मानसरोवर स्थित रोज़ गार्डन में ''घूमो जयपुर'' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉक्टर सौम्या गुर्जर ने इस कार्यक्रम में आम जनता से पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर गुलाब के 101 पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को गुलाब के पौधे भी वितरित किये गये।

....

संघ लोक सेवा आयोग–यू.पी.एस.सी. ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को स्थगित करने का निर्णय लिया है। ये परीक्षा अब 16 जून को आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि यह परीक्षा पहले 26 मई को आयोजित होने वाली थी। आयोग ने लोकसभा चुनावों के कारण परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

....